**भारत सरकार**
**नागर विमानन मंत्रालय**
**लोक सभा**
**लिखित प्रश्न संख्या : 2782**
**गुरुवार, 12 दिसंबर, 2024/21 अग्रहायण, 1946 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर**

**नागर विमानन क्षेत्र में आर्टीफिशियल इंटेलिजेंस**

**2782. श्रीमती स्मिता उदय वाघ:**
**श्री विजय बघेल:**
**श्रीमती कमलेश जांगड़े:**
**श्री दिनेशभाई मकवाणा:**
**श्री जनार्दन मिश्रा:**
**श्रीमती शोभनाबेन महेन्द्रसिंह बारैया:**
**श्री चन्द्र प्रकाश जोशी:**
**श्री विनोद लखमशी चावड़ा:**

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) नागर विमानन क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलजिंस (एआई) के प्रयोग के संबंध में नागरिक विमानन मंत्री और यूट्यूब तथा गूगल के प्रमुखों के बीच हुई बैठक के परिणामों का ब्यौरा क्या है;

(ख) सरकार नागर विमानन क्षेत्र के बारे में जनजागरूकता और ज्ञान बढ़ाने में यूट्यूब की भूमिका को किस प्रकार देखती है;

(ग) गूगल के साथ सहयोग के माध्यम से विशेषकर विमानन से संबंधित स्टार्टअपों के लिए विमानन उद्योग की विशिष्ट चुनौतियों का किस प्रकार समाधान किया जाएगा; और

(घ) सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ में विमानन स्टार्टअपों के संबंध में क्या कदम उठाए जाने की संभावना है?

**उत्तर**
**नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)**

(क) से (घ) **:** यूट्यूब और गूगल के प्रमुखों के साथ कोई संयुक्त बैठक नहीं हुई है। तथापि, विमानन क्षेत्र में सुधार और जन जागरूकता बढ़ाने के लिए उपयुक्त आईटी टूल्स और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों को अपनाने में सक्षम बनाने हेतु समय-समय पर विभिन्न आईटी विशेषज्ञों और कंपनियों के साथ बैठकें आयोजित की जाती हैं। उदाहरण के लिए, अगस्त, 2024 में गूगल के एशिया पेसिफिक प्रमुख और यूट्यूब के सीईओ के साथ बैठक हुई थी। वर्तमान में, विमानन स्टार्टअप के संबंध में छत्तीसगढ़ में कोई पहल विचाराधीन नहीं है।

*****